आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रदेश विधानसभा में पेश किया चौबीस हजार चार सौ छियानबे करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट। प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा में कोड़ीन कफ सिरप के मुद्दे पर हुआ हंगामा।
- नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने विधानसभा में कोडीन कफ सिरप मुद्दे पर की चर्चा कराने की मांग। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–कोडीन सिरप से प्रदेश में नहीं हुई है किसी की मौत।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मत्रिपरिषद की बैठक में पंद्रह हजार एक सौ नवासी करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव को मिली मंजूरी। मिर्जापुर, हरदोई और गौतमबुद्धनगर सहित नौ जिलों में स्थापित होंगी औद्योगिक इकाइयां।
- प्रदेश में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई जा रही है पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती।

**********

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कल विधानसभा में वित्त वर्ष–दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिये चौबीस हजार चार सौ छानबे करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट पेश किया।

***मैं प्रस्तुत कर रहा हूं, यह 24,496.98 करोड़ का है। इसमें राजस्व लेखे का व्यय 18,369.30 करोड़ तथा पूंजी लेखे का व्यय 6,127.68 करोड़ रुपए है। यह प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष मूल बजट का 3.03 है। इसमें विशेष रूप से जो हमारे सामने मुख्य–मुख्य बातें हैं, उसके ऊपर फोकस करना चाहता हूं खासतौर से इसमें इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के लिए लिए 4,874 करोड़, पावर सेक्टर में 4,521 करोड़, हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर में 3,500 करोड़, नगर विकास में 1,758.56 करोड़ और टेक्निकल एजुकेशन में 639.96 करोड़ इसके अलावा वीमेन चाइल्ड वेलफेयर इसमें 535 करोड़, नेडा में 500 करोड़ तथा मेडिकल एजुकेशन में 423.10 करोड़ और गन्ना और चीनी मिल में 400 करोड़ यह मुख्य–मुख्य बातें हैं।***

विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन कल प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने कोडीन कफ सिरप के मुद्दे को लेकर हंगामा किया।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने इस मुद्दे पर चर्चा कराये जाने की मांग की। इसके बाद सपा के सभी सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में आ गये। सपा सदस्य अतुल प्रधान द्वारा कोडीन सिरप का मामला उठाये जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवाब देते हुए कहा कि कोडीन सिरप से प्रदेश में किसी की मौत नहीं हुई है।

***कोडीन कप सिरप का मुद्दा जो इन्होंने उठाया है। मुद्दा था नकली दवाओं के सेवन के कारण होने वाली मौतों का और उसके बारे में हमने पहले ही बताया है कि नकली दवा के कारण होने वाले मौत के प्रकरण की कोई कोई भी बात अभी तक शासन के संज्ञान में नहीं आई है और समय–समय पर एफएसडीए विभाग इसको लेकर के छापेमारी करती है, कार्यवाही करती है। यूपी के अंदर कोडीन कप सिरप इसके केवल स्टॉकिस्ट हैं, होलसेलर है। इसका यहां पर प्रोडक्शन नहीं होता है। यह कार्यवाही सरकार ने की है और सरकार ने इसके लिए 79 अभियोग अब तक दर्ज किए हैं। इसमें 225 अभियुक्तों को इसमें नामजद किया है। 78 अभियुक्त अब तक गिरफ्तार हुए हैं। 134 फॉर्म पर एक छापेमारी की कार्यवाही हुई है।***

मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

विधानसभा में कल ही वंदे मातरम् पर भी चर्चा शुरू हुई। नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वंदे मातरम् की विशिष्टताओं और इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वंदे मातरम् केवल अतीत की स्मृति न रहे बल्कि हम सब के लिये भविष्य का संकल्प भी बने।

***वंदे मातरम् की जो हम बात करते हैं तो वास्तव में यह हम सबके लिए कैसे अंतःकरण से हर भारतीय को एक नई दिशा देता है। यह भाव हमारी भावनाओं के साथ–साथ हमारे कर्तव्यों में भी झलकता हुआ दिखाई देता है। हम लोग इस बात को मानते हैं कि वंदे मातरम् का अर्थ केवल मातृभूमि को परिणाम करना नहीं बल्कि यह वचन देना है कि हम उसकी रक्षा करेंगे उसे समृद्ध और गौरवानित बनवाएंगे।***

विधान परिषद में विपक्ष ने पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षण संस्थाओं से अधिक बिजली बिल की वसूली और किसानों की बदहाली का मुद्दा उठाया। पुरानी पेंशन बहाली के समाजवादी पार्टी के डॉक्टर मानपाल सिंह यादव के प्रश्न पर सरकार ने कहा कि एक अप्रैल 2005 से नई पेंशन प्रणाली लागू की गई है। बिजली बिल वसूली के मामले पर ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग बिजली की दरे तय करता है वहां पर अपील की जा सकती है। वहीं किसानों के मुद्दे पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसान हमारी सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं।

**********

लखनऊ जंक्शन पर निर्माण कार्यों के कारण प्रदेश और पड़ोसी राज्य बिहार से जुड़ी कुछ प्रमुख ट्रेनों का संचलन प्रभावित हुआ है। हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया कि गोरखपुर से चलने वाली गोरखपुर–लखनऊ–गोरखपुर जंक्शन इंटरसिटी अब पांच जनवरी दो हजार छब्बीस तक लखनऊ जंक्शन के स्थान पर केवल ऐशबाग तक ही चलेगी। छपरा से चलने वाली चलने वाली छपरा–लखनऊ

जंक्शन एक्सप्रेस चार जनवरी दो हजार छब्बीस तक अब लखनऊ जंक्शन के स्थान पर केवल गोमतीनगर स्टेशन तक चलेगी। लखनऊ जंक्शन से चलने वाली लखनऊ जंक्शन–छपरा एक्सप्रेस पांच जनवरी तक लखनऊ जंक्शन के स्थान पर अब गोमतीनगर से चलाई जाएगी। गोरखपुर से चलने वाली गोरखपुर–ऐशबाग एक्सप्रेस पांच जनवरी दो हजार छब्बीस तक ऐशबाग के स्थान पर केवल गोमतीनगर तक ही चलेगी। वहीं ऐशबाग से चलने वाली ऐशबाग–गोरखपुर एक्सप्रेस पांच जनवरी दो हजार छब्बीस तक ऐशबाग के स्थान पर गोमतीनगर से चलाई जाएगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल लखनऊ में हुई मंत्री परिषद की बैठक में पन्द्रह हजार एक सौ नवासी करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिये मिर्जापुर, हरदोई, बुलंदशहर, रायबरेली, गौतमबुद्धनगर, सोनभद्र, मेरठ, मुजफ्फरनगर और अलीगढ़ में पन्द्रह हजार एक सौ नवासी करोड़ रूपये की लागत से मेगा और सुपर मेगा श्रेणी में उद्योग स्थापित करने के लिए बारह औद्योगिक इकाइयों को एलओसी जारी की जायेगी।

**********

लखनऊ के बाद अब प्रयागराज डाक परिक्षेत्र में प्रधान डाकघर की ओर से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रदेश का दूसरा जेन–जी पोस्ट ऑफिस खोला जा रहा है। यह डाकघर छात्रों, शोधार्थियों और विश्वविद्यालय परिवार को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। प्रयागराज के प्रधान डाकघर के प्रवर डाक अधीक्षक सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि जेन–जी पोस्ट ऑफिस पूरी तरह आधुनिक होगा।

***हमारी जो प्रयागराज पोस्टल डिवीजन है वह एक जनरेशन जैनजी के तहत पोस्ट ऑफिस आइडेंटिफाई किया है जो प्रयागराज यूनिवर्सिटी में इस पोस्ट ऑफिस में हम लोग जो पोस्ट ऑफिस तो पहले से ही थी लेकिन उसको हम लोग मॉडर्नाइजेशन करके उसको जैनजी को जोड़ने के लिए वहां पर अत्याधुनिक सुविधाएं और जो नेक्स्ट जनरेशन की डिमांड है उस हिसाब से पोस्ट ऑफिस को डेवलप किया जा रहा है। वहां पर कैफेटेरिया होगी, पानी और छोटी–मोटी चीजें लाइब्रेरी से संबंधित चीजें होंगी जहां पर बच्चे अपने विजिट टाइम भी बिता सकते हैं और पोस्ट ऑफिस में जो प्रोडक्ट है, उसके बारे में जानकारी करके अपने को कनेक्ट कर सकते हैं।***

**********

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की एक सौ तेईसवीं जयंती को आज प्रदेश भर में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश के कृषि निदेशक डॉ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर विधान भवन परिसर में हो रहे मुख्य आयोजन में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इस दौरान किसानों को सम्मानित और पुरस्कृत भी किया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर याद करते हुए मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन गांव, गरीब, शोषित, वंचित और किसान बंधुओं की समृद्धि में समर्पित रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार चौधरी चरण सिंह की प्रेरणा से किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज और कल कहीं कहीं घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पचीस से लेकर सत्ताइस दिसम्बर के बीच कहीं कहीं घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने की चेतावनी भी जारी की है। इस बीच, कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण पूरे प्रदेश में जनजीवन प्रभावित है। कोहरे के चलते दृश्यता कम होने से हवाई, रेल और सड़क यातायात पर असर पड़ा है। ठंड और कोहरे के कारण स्कूलों में पठन–पाठन प्रभावित हो रहा है। कई जिलों में शिक्षण संस्थानों में छुट्टी कर दी गयी है, वहीं कुछ जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव भी किया गया है।

**********